आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पश्चिम बंगाल, केरलम्, तमिलनाडु, असम और पुदुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना कल होगी। चुनाव आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल के पंद्रह बूथों पर पुनर्मतदान कराया गया।
2. द्वीप समूह के उपराज्यपाल ने शहीद द्वीप में पर्यटन परियोजनाओं का निरीक्षण किया।
3. प्रसून जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने पर सूचना एवं प्रासरण मंत्री ने कहा कि उनके आने से नई ऊर्जा और रचनात्मकता के साथ प्रसार भारती आगे बढ़ेगा।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में जलाश्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। बर्ड लाइन क्षेत्र में नए जल स्रोतों की पहचान के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में विधानसभा की दो सीटों के लिए 15 बूथों पर कल पुनर्मतदान कराया गया। मगराहाट पश्चिम के 11 बूथ और डायमंड हार्बर के चार बूथों पर वोट डाले गए। इस दौरान लगभग 90 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। चुनाव आयोग ने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवक्षकों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पुनर्मतदान का आदेश दिया था। इन मतदान केंद्रों पर विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के तहत पिछले महीने की 29 तारीख को वोट डाले गए थे। पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनावों के वोटों की गिनती कल सुबह से शुरु होगी। असम की सभी 126 सीटों, केरलम की 140 और पुद्दुचेरी की 30 सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदान कराया गया था। तमिलनाडु की सभी दो सौ चौंतीस विधानसभा सीटों और पश्चिम बंगाल की सभी दो सौ चौरानबे सीटों के लिए मतदान कराया गया था।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप के लाइटहाउस डाइव साइट पर, आज ''सबसे ऊंचा मानव पिरामिड'' शीर्षक से एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित रहेंगे। यह उपलब्धि अंडमान निकोबार द्वीप समूह के एक साहसिक, समुद्री गतिविधियों और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों के केंद्र के रूप में बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी, ने हाल ही में अपनी शहीद द्वीप की यात्रा के दौरान, उस स्थल का निरीक्षण किया जिसे प्रशासन द्वारा PPP मॉडल के तहत प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से रैडिसन होटल्स को आवंटित किया गया था। ऐसे और भी कई आगामी प्रोजेक्ट्स का उद्देश्य अंडमान निकोबार द्वीप समूह को सतत, उच्च–स्तरीय लक्जरी पर्यटन और आतिथ्य के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है, ये प्रोजेक्ट्स न केवल सतत होंगे और वैश्विक हरित मानदंडों के अनुरूप होंगे, बल्कि द्वीपों में रोज़गार के अवसर भी पैदा करेंगे। उपराज्यपाल ने सीतापुर में स्थित तीन हजार दो सौ वर्ग मीटर में फैले आम के बाग का भी दौरा किया। उस बाग में आम की 100 से अधिक विभिन्न ग्राफ्टेड किस्में मौजूद हैं, जिनमें एक अनोखी किस्म भी शामिल है जिसका नाम बाग मालिक के नाम पर चिंता आम रखा गया है।

<><><><><><><>

सरकार ने कल भारत की आपातकालीन संचार प्रणालियों को सुदृढ़ करने और जन सुरक्षा ढांचे के विस्तार के लिए सेल प्रसारण प्रणाली–सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम का शुभारंभ किया। स्वदेशी तकनीक पर आधारित सीबीएस को दूरसंचार विकास केंद्र – सी–डॉट ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और गृह मंत्रालय के सहयोग से विकसित किया है। नई दिल्ली में इस अवसर पर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे भारत के आपदा प्रबंधन ढांचे में एक क्रांतिकारी पहल बताया है। सीबीएस का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में इसके प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रख्यात गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी का साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और जन संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान रहा है। अपने प्रभावशाली लेखन और गहन सांस्कृतिक संवेदनशीलता के लिए प्रसिद्ध श्री जोशी की समकालीन भारतीय मीडिया की दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मकता के साथ काम करेगी।

<><><><><><><>

स्नातक चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी आज आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में कल एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगरपालिका परिषद के सचिव, पार्षदों, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा अंडमान लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों की उपस्थिति में मौजूदा जल स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान चल रहे जल संकट पर विस्तार से चर्चा की गई। पानी की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न उपायों पर भी विचार–विमर्श किया गया, जिसमें बर्ड लाइन क्षेत्र में पानी के अतिरिक्त स्रोतों की पहचान करना भी शामिल था। जलाशयों में पानी के स्तर की स्थिति की समीक्षा और पानी की आपूर्ति में तत्काल वृद्धि करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। इस दौरान नगरपालिका के सचिव ने वार्डों के पार्षदों से सहयोग देने का अनुरोध करते हुए टैंकर मालिकों, बोरवेल मालिकों और पानी के अन्य संभावित स्रोत उपलब्ध कराने वालों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा, ताकि जनता तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने में विभाग को सहयोग दिया जा सके।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने शहर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संभावित कार्यक्रम जारी किया है, जिसका उद्देश्य उपलब्ध जल संसाधनों का सभी क्षेत्रों में समान वितरण सुनिश्चित करना है। आम जनता से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम के अनुसार अपने पानी के उपयोग की योजना बनाएं। विस्तृत कार्यक्रम SVPMC की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, और इसे QR कोड स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक अंचल क्षेत्र, रंगत में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। बाराटांग, कदमतला, रंगत और बिल्लीग्राउंड जैसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले इस शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। यह कक्षाएं 5 मई से शुरू होंगी। इसका उद्देश्य स्कूली छात्रों के भीतर खेल कौशल का विकास करना, खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना और प्रतियोगिता की तैयारी कराना है।

उधर, खेल एवं युवा मामले निदेशालय 45–दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। यह शिविर 6 मई से 20 जून तक नेताजी खेल परिसर में चलेगा। इसमें 9 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। शिविर में फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, साइकिलिंग, शतरंज, बैडमिंटन, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस जैसे खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंजीकरण फॉर्म कल सुबह दस से शाम चार बजे के बीच नेताजी स्टेडियम से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

पुणे में चल रहे बत्तीसवें मास्टर नेशनल टेबल टेनिस चौंपियनशिप में, सभी श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। 30 अप्रैल को, 45 आयु वर्ग के पुरुषों की टीम स्पर्धा में, तबरेज़ हुसैन ने दूसरे मैच में सराहनीय प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने कर्नाटक के खिलाफ 3–2 से जीत हासिल की। इसी क्रम में 1 मई को, पुरुषों की पचास आयु वर्ग के युगल श्रेणी में, अब्दुल मजीद और के. एम. बी जयपाल की जोड़ी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ 3–1 से शानदार जीत दर्ज की। जिसमें उन्होंने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>